प्रादेशिक समाचार
06.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रस्ताव के जवाब में कहा–जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परख कर समर्थन दिया है।
2. भाजपा ने डीजीपी नियुक्ति को लेकर झामुमो पर उठाए सवाल, यूथ कांग्रेस ने आम बजट को युवा विरोधी बताते हुए किया धरना प्रदर्शन।
3. राज्य सरकार ने डॉक्टर नटवा हांसदा को जैक का अध्यक्ष किया नियुक्त, स्कूली शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना।
4. रांची में कल से 16वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर होगा शुरू, 15 राज्यों और 8 देशों के प्रतिनिधि लगायेंगे स्टॉल।
5. 38वें राष्ट्रीय खेलों में आर्चरी रिकर्व प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, 2 स्वर्ण 1 रजत और 2 कांस्य के साथ पदक तालिका में झारखंड 15वें स्थान पर।

******************

संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में चर्चा हुई। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परख कर समर्थन दिया है।

इससे पहले, चर्चा में भाग लेते हुए, भाजपा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए उनकी कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के अलावा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के कल्याण के लिए कई उपाय किए हैं। कांग्रेस के राजीव शुक्ला ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। समाजवादी पार्टी की जया बच्चन, आप के संजीव अरोड़ा, आईयूएमएल के अब्दुल वहाब, बीएसपी के रामजी ने भी बहस में हिस्सा लिया।

******************

रांची में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति पर सवाल उठाए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का उल्लंघन कर डीजीपी की नियुक्ति की है।

******************

रांची में यूथ कांग्रेस ने आम बजट को युवा विरोधी बताते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि बजट में युवाओं और रोजगार पर कोई चर्चा नहीं की गई है।

******************

प्रयागराज में आज आयोजित जनजातीय युवा कुंभ में देशभर से आठ हजार से अधिक जनजातीय युवा हिस्सा ले रहे हैं। जनजातीय सांस्कृतिक समागम के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य जनजातीय मंत्री दुर्गादास उइके ने युवाओं से अनुरोध किया कि विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करें।

******************

राज्य सरकार ने डॉक्टर नटवा हांसदा को तीन साल के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह अधिसूचना आज स्कूली शिक्षा विभाग ने जारी की। इसके साथ ही रिक्त पड़े पदों पर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है।

******************

रांची के मोराबादी मैदान में कल से 17 फरवरी तक 16वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आयोजित किया जाएगा। मेले में थाईलैंड, बांग्लादेश, अफगानिस्तान सहित 8 देशों के प्रतिनिधि के अलावा भारत के 15 राज्यों के स्टॉल भी इस ट्रेड फेयर में शामिल होंगे। फेडरेशन ऑफ झारखंड चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के साझे प्रयास से आयोजित हो रहे इस मेले में लगभग 300 स्टॉल लगाए जाएंगे। मेला सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।

******************

इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक अनोखे अंदाज़ में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी छात्रों को सशक्त बनाने के इस सफर का हिस्सा बनेंगे।

******************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में तीन दिवसीय इंडोमैक इंडस्ट्रियल मशीनरी एंड इंजीनियरिंग एक्सपो का शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने किया। एक्सपो में देशभर से 20,000 दर्शकों के आने और 700 करोड़ से अधिक के व्यापार की संभावना जताई गई है।

******************

गिरिडीह जिले में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

******************

साहिबगंज जिले में सरकारी कार्यालयों में पारदर्शी और प्रभावी खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि इस सत्र में गवर्नमेंट ई मार्केट–प्लेस प्लेटफॉर्म, खुली प्रतिस्पर्धात्मक निविदा और ऑफलाइन कोटेशन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

******************

उत्तराखंड के देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड ने आर्चरी की रिकर्व प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य के साथ कुल पांच पदक जीते। इसके साथ ही झारखंड पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। महिला रिकर्व प्रतिस्पर्धा में दीपिका कुमारी को प्रथम स्थान और कोमोलिका बारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रिकर्व मिक्स टीम में गोल्डी मिश्रा और दीपिका कुमारी को तृतीय स्थान मिला। रिकर्व मेंस टीम में गोल्डी मिश्रा, श्रेय भारद्वाज, विष्णु चौधरी को प्रथम स्थान हासिल हुआ जबकि रिकर्व विमेंस टीम में दीपिका कुमारी, कोमोलिका बारी और अंकिता भकत को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

******************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पहली बार ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो–खो प्रतियोगिता आज शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में बिहार, ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, छत्तीसगढ़ और झारखंड के 36 यूनिवर्सिटी के 600 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 8 फरवरी को होगा। कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार चढाव जारी है। अगले दो–तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट होगी। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री की बढोतरी होगी।

*******समाप्त*******